खबर संक्षेप

## पीपरपानी में मिला अज्ञात शव

**मण्डला।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपरपानी नर्मदा पुल के नीचे एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला है। शव तीन से चार दिन पुराना हो जाने के चलते फूल गया है। जिससे उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है। अर्धनग्न शव मिलने पर कई तरह की चर्चाएं भी व्याप्त है। मौके पर पहुंचे कोतवाली पुलिस स्टाप के द्वारा शव को अस्पताल पहुंचाया है। अज्ञात शव की शिनाख्त की जा रही है। इसके बाद पुलिस आगे की जांच करेगी। अज्ञात व्यक्ति के शव में बनियान ही है इसके अलावा कोई भी कपड़ा नहीं है। इसको लेकर मामला संदिग्ध लग रहा है।

## निजी नल कूप खनन प्रतिबंधित

**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा 31 जुलाई 2024 तक निजी तथा अशासकीय नलकूप खनन प्रतिबंधित कर दिया गया है। जारी आदेश में मण्डला जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेंगी अथवा नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास कर रही मशीनों को जप्त कर पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। आदेश में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित्त अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की खुली पोल

# एम्बुलेंस में ढोई जा रही सवारियाँ



*** पहले से जारी है यह सिलसिला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

108 एम्बुलेंस में सवारियां बैठाकर ले जाने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो मंडला जिले के विकासखंड बिछिया क्षेत्र का है। इसके पहले एक ऐसा ही मामला निवास विकासखंड अंतर्गत एक एम्बुलेंस में भी हुआ था, जिसमें एम्बुलेंस में सवारी बैठाकर ले जाया जा रहा था और एम्बुलेंस हादसे का शिकार हो गर्इ। जिसमें बैठी सवारी घायल हो गई थी। बता दे कि एम्बुलेंस घायलों की जिंदगी बचाने के लिए होती है, लेकिन यहां एम्बुलेंस में घायलों को नहीं यात्रियों को लाने ले जाने में किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 108 एम्बुलेंस में एक स्थान से दूसरे स्थान सवारी बैठाकर छोडऩे का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कैसे एक 108 एम्बुलेंस वाहन में सवारियों को ठूस- ठूस कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाकर उतारा गया। यह मामला आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के बिछिया विकासखंड के अंतर्गत का है। वाहन 108 एम्बुलेंस क्रमांक एमपी 02 जेडए 0625 मवई मुख्यालय के अंतर्गत का है। जिसमें सवारियों को लाकर छोड़ा गया था।

### ऐसे हुआ कैमरे में कैद

बताया गया कि एक 108 एम्बुलेंस बिछिया की ओर से सवारियों को बैठाकर अंजनिया एक कार्यालय के सामने से शुक्रवार की देर रात्रि करीब 09 बजे उतरा रहा था। इसी दौरान किसी व्यक्ति की नजर एम्बुलेंस से उतर रहे लोगों पर पड़ी। जिसमें देखा की एम्बुलेंस से सवारियों उतर रही है। एम्बुलेंस से सवारियों को उतरता देख उसको कैमरे में कैद कर लिया गया। अब देखना है कि जिले के अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते है।

### चालक ने कहां मुझे नौकरी का भय नहीं

अंजनियां में सवारियों को उतारने के बाद 108 एम्बुलेंस चालक वाहन को लेकर वहां से निकल जाता है। यहां से वाहन चालक एम्बुलेंस को अंजनिया उप स्वास्थ्य केंद्र में लाकर खड़ा कर देता है। इस मामले की भनक मीडिया को लगती है। इस दौरान स्थानीय मीडिया मौके पर पहुंच चालक से बात करना चाहती है तो एम्बुलेंस वाहन चालक जानकारी देने से बचते नजर आता है। यहां एम्बुलेंस चालक नियम को ताक में रख मरीजो का डेटा वेरीफाई रजिस्टर पर गलत डालकर अपनी मनमानी कर रहा हे। एम्बुलेंस चालक मीडिया से कहता है कि मुझे नौकरी का भय नहीं है।

**कैसे बैठाया गया सवारियों को :** एम्बुलेंस में सवारियों उतारने का वीडियो वायरल होने के बाद जब इस मामले की जानकारी 108 एम्बुलेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कपिल शर्मा को दी गई। मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने कहां कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। इसकी जानकारी लूंगा कि कैसे यह 108 वाहन में सवारियों को बैठाया जा रहा है। फिलहाल 108 एम्बुलेंस चालक से इस संदर्भ में बात की जा रही है। पूर्ण रूप से जानकारी लिए जाने के बाद ही आपको इस मामले में कुछ जानकादी दी जाएगी।

## जीवन में भगवान की भक्ति का मार्ग भगवान की कृपा से प्राप्त होता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भगवान का चरित्र अनंत है जिसको अल्प समय में कहना या गाना बड़ा कठिन होता है। इसलिए वेद व्यास जी के द्वारा श्रीमद् भागवत की रचना की गई। जिसमें भगवान के द्वारा धर्म की रक्षा के लिए 24 अवतार धारण किए गए। प्रत्येक अवतार धारण करने के पीछे प्रभु का उद्देश्य धर्म की स्थापना धर्म की रक्षा का ही होता है। यह बात निवास आजाद चैक पुरानी बस्ती में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन की कथा में पं. संतोष शास्त्री पदमी वाली ने कहा। शास्त्री जी ने बताया कि राजा परीक्षित को सातवें दिन मृत्यु का श्राप लगा। जो भी मनुष्य इस संसार में आया है उसे 7 दिन में ही जन्म लेना है और मिट्टी भी प्राप्त करना है और मनुष्य का जीवन का जितना भी चक्र है। वह सात दिनों में ही चलता है परीक्षित को मृत्यु का पता चलते ही जिस प्रकार परीक्षित ने सर्वस्व त्यागकर भगवान की भक्ति के मार्ग को चुना। जीवन में भगवान की भक्ति का मार्ग भगवान की कृपा से प्राप्त होता है। भगवान की भक्ति के बिना मानव जीवन शून्य होता है। मनुष्य को सदैव अपने जीवन में किसी न किसी को माध्यम से भगवान से जुड़े रहना चाहिए जिससे हमारे जीवन में अगर कोई कष्ट आता भी है वह अधिक समय तक न रहकर शीघ्र चला जाता है। कामनाओं से अगर व्यक्ति दूर रहे तो उसके जीवन में ईश्वर की कृपा अवश्य होती है, जिस प्रकार महाराज कर्दम और देवहुती के यहां पर नौ कन्याओं के बाद भगवान का कपिल देव अवतार हुआ। ऐसे ही हमारे जीवन में अगर भक्ति का भाव हो तो भगवान का अवतार होने में समय नहीं लगता। इसलिए हमें ईश्वर भक्ति के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। महिला मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 22 से 29 अप्रैल तक किया जा रहा है। 29 अप्रैल को पूजन, हवन भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# हांगगंज, सब्जी बाजार में बदबू ने किया नाक में दम

*** जिम्मेदारो का नहीं ध्यान, नपा के पास नहीं योजना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

किसी जमानें में मंडला में विकसित किया गया बाजार अब कबूतरखाना बन कर रह गया है। हांगगंज बाजार के नाम से जाने वाले क्षेत्र में करीब 250 से अधिक दुकानें है। मांस मछली,सब्जी और गरम मसाले से लेकर गल्ला की दुकाने लगती है। जिसमें खरीददारी के लिए पूरे जिले भर से लोग पहुंचते है। यहां गंदगी और बदबू से आमजनों की नाक में दम हो गया है। इसके बाद भी सबसे पुराने बाजार को व्यवस्थित करने के लिए नगर पलिका के पास कोई योजना नहीं है।

बताया गया है कि नगरपलिका के द्वारा बाजार को व्यवस्थित के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। हांगगंज बाजार में हर प्रकार की खाद्यान्न साम्रगी मिलती है लेकिन बाजार पहुंचने वाले लोगो और दुकानदारो को कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। यहां चौतरफा गंदगी का आलम है। इसी बाजार में मांस मछली सब्जी की दुकाने लगती है। साफ सफाई के अभाव में यहां तेज बदबू से सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं दुकाने इतनी छोटी है कि हर दुकान दो तीन फिट दुकाने बढ़ाए रखा है। इससे यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।



नालियों में अपशिष्ट बहता है लेकिन इसकी सफाई नहीं होती है। या यू कहे की सफाई के लिए कोई जगह नहीं है। नालीयां इतनी छोटी है कि मांस मछली का रक्त इन्ही होकर बहता है कही कही तो इसका अपशिष्ट यहां वहां भी पड़ा रहता है। वहीं सब्जी बाजार की सड़ी गली तरकारी मौके पर ही पड़ी रहती है या फिर खाई में फेंक दी जाती है।

सब्जियों को कचरा घर के बाहर ही फेंका जा रहा है या खाई में फेंकी सब्जियां सडऩे के बाद तेज दुर्गन्ध से पूरा बाजार का क्षेत्र में फैल जाती है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोग नाक में रूमाल, कपड़ा लगाकर निकलने मजबूर होते है। फेंकी हुई खराब और सड़ी सब्जियों को डिस्पोज करने की कोई व्यवस्था नहीं है। करीब तीन दशक से अधिक पुराने बाजार में दुकाने बढ़ी है, लेकिन व्यवस्थाएं जस की तस है। इस वजह से आमजनो को परेशानी होती है। वहीं दुकानदारो को भी मुश्किलो का सामना करना पड़ता है। हांगगंज, सब्जी बाजार को व्यवस्थित करने के लिए कोई व्यवस्था नगर पलिका के पास नहीं है।

## समर कैंप में किताबों की जगह मनोरंजन को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में संचालित सभी सीएम राइज विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्राइवेट स्कूलों की तरह दस दिवसीय समर कैंप शुरू किया गया है। समर कैम्प का समापन 06 मई को किया जाएगा। इस समर कैम्प में खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही विद्यार्थियों में रचनात्मक, सर्जनशीलता, कला कौशल विकास के साथ ही विभिन्न कौशलों को प्रदर्शित करने के लिए शासन स्तर से आयोजित होने वाले समर कैंप का शेड्यूल निर्धारित किया गया है।

जानकारी अनुसार जिले के समस्त सीएम राइज स्कूल समेत नारायणगंज में शासन के निर्देशानुसार 10 दिवसीय समर कैम्प शुरू किया गया है। मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सीएम राइज स्कूलों में नई पहल और नवाचार कर बच्चों के व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए समर कैंप आयोजित कर रहा है। यह समर कैम्प दस दिवसीय होगा। जिसमें बच्चों को विभिन्न विधाओं को समझने और सीखने में मदद मिलेगी।

प्राचार्या श्रीमती अर्चना नेमा ने बताया कि 10 दिवसीय ग्रीष्म कालीन समर कैम्प का आयोजन 26 से 6 मई तक चलेगा। इस समर कैम्प में विभिन्न विधाओं के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई का दबाव एवं तनाव कम करने व नई उर्जा के संचार के लिए अभिनव प्रयास है। इस समर कैम्प में विद्यार्थियों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न प्रकार की शारीरिक, रचनात्मक, कलात्मक, सृजनात्मक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक कलाओं के विकास के लिए कई गतिविधियों का नियमित संचालन किया जाएगा। आयोजित होने वाली विधाओं में शतरंज, कैरम, ड्राइंग, संगीत, मेंहदी, डांस, रंगोली, स्पोकन इंग्लिश, व्हालीबॉल, कबड्डी, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फोटोग्राफी, कैलीग्राफी, लेखन सुधार, योगा के साथ अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

**दुर्घटना** | **एक दर्जन से अधिक घायल, बाल-बाल बचे बराती।**

# बरातियों से भरी बस फूलसागर पुल में पलटी

*** जिला अस्पताल में चल रहा उपचार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला से जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में बरातियों से भरी बस अचानक फूलसागर पुल पर पलट गई। गनिमत रही कि बस पुल की रैलिंग से टकराई और पुल के ऊपर ही किनारे में पलट गई। बस नीचे नहीं गिरी, नहीं तो एक बड़ा हादसे से इंकान नहीं किया जा सकता था। हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं लग सकी है। हादसे की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायलों को जिला चिकित्सालय मंडला उपचार के लिये लाया गया। जहां घायलों का उपचार चल रहा है।

जानकारी अनुसार बरातियों से भरी बस क्रमांक एमपी 51 पी 0213 विकासखंड नैनपुर के पिंडरई पडरिया से नारायणगंज के भानपुर सिकोसी बारात लेकर जा रही थी। बरातियों से भरी बस फूलसागर पुल के पास पहुंचते ही अचानक अनियंत्रित हो गई और पुल की रैलिंग से टकराकर पुल के ऊपर ही पलट गई। गनिमत रही की बस पुल के नीचे नहीं गिरी। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस सड़क हादसे में करीब 20 लोग घायल हुए है। जिन्हें मामूली चोटे आई है।



बताया गया कि पुल पर बस पलटते ही घटना स्थल पर अफरा तफरी मच गई। मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। मार्ग जाम हो गया। तत्काल हादसे की जानकारी कोतवाली पुलिस, डायल 100 और एम्बुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जिसके बाद हादसे में घायलों को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय मंडला लाया गया। यहां हादसे में सभी घायलों का उपचार चल रहा है।

### हाईवे में लग गया जाम :

बताया गया कि रात्रि करीब 10 बजे बरातियों को लेकर जा रही बस फूलसागर पुल के ऊपर पलट गई। जिसके बाद नेशनल हाईवे 30 मार्ग में दोनों तरफ जाम लग गया। हालाकि हादसे में किसी को गंभीर चोटे नहीं है। बता दे कि नेशनल हाईवे 30 मार्ग में आवाजाही अवरूद्ध ना हो इसके लिए फूलसागर के पुराने पुल से आवागमन सुचारू किया गया। जिसके बाद जाम की बनती स्थिति को नियंत्रित किया गया। हालाकि मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर यातायात को सुचारू किया।

## हज तरबियत केम्प का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला हज कमेटी मण्डला एवं हज वेलफेयर सोसायटी मण्डला के संयुक्त तत्वाधान में साल 2024 में हज यात्रा पर जाने वाले आजमीने हज के लिये तरबियत केम्प का आयोजन दिनांक 27 अप्रैल को हाजी मो. गनी लालीपुर बाडा के मकान में आयोजित किया गया। प्रोग्राम का आगाज तिलावते कुरान पाक से किया गया। प्रोग्राम में मेहमाने खुशीसी हाफिज सोहराब आलम, जिला वक्फ कमेटी अध्यक्ष हाजी मो. गनी अब्दुल गनी खान, हाजी सरफराज अहमद, हाजी कबीरउदीन, हाजी एस. एन. अली व हज कमेटी के मेम्बेरान साहब शामिल रहे । मण्डला जिले के 32 आजमीने हज को राज्य कमेटी भोपाल से अधिकृत मास्टर ट्रेनर हाजी शादाब कुरैशी, हाजी ताजीम अलवी, हाजी सरफराज अहमद ने हज के अरकानों के बारे में आसान तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया। सभी आजमीने हज ने हज के अरकानों को समझ और कुछ सवालात करने सही जवाबए हज को ट्रेनर से प्राप्तज किया। दिन भर चले इस प्रशिक्षण प्रोग्राम में हज कमेटी के समस्त मेम्बेरान अध्यक्ष हाजी मो. गनी, हाजी जावेद खान, हिदायत गौरी, जाकिर खान, मतीन खान, हाजी जैनुल, सलीम खान, नफीस मंसूरी, इसराईल खान, आरिफ खान पप्पी का सहयोग रहा।



## खबर संक्षेप

### रेल पुल के समीप अज्ञात युवक की लाश मिली



**गाडरवारा।** शुक्रवार को जब संपूर्ण क्षेत्र के अधिकारी व आमजन लोक सभा चुनाव की प्रक्रिया में लगे हुये थें उसी दौरान सूचना मिली की नगर के शक्कर नदी रेल पुल के समीप किसी अज्ञात युवक की लाश पड़ी हुई है। इस खबर को लेकर रेल पुलिस द्वारा तुरंत मौके पर पहुंचकर देखा तो अज्ञात युवक उम्र लगभग 30-35 वर्ष की लाश पड़ी हुई थी जिसकी पहचान किये जाने के बाद भी जब किसी तरह से पहचान नही हो पाने की स्थिति में रेल पुलिस द्वारा लावारिस के रूप में पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम करते हुये बाद अज्ञात युवक के शव का पोस्ट मार्टम कराते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। वही जिस हालत में रेल पटरियों के समीप अज्ञात युवक की लाश पाई गई है उससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हो सकता है कि रेल से यात्रा करने के दौरान यह युवक नीचे गिर गया होगा और चोटे आने के कारण उसकी मौत हुई होगी..? खैर सच्चाई जो भी हो उसका पता तो जांच के बाद ही चल पायेगा। मगर रेल पुलिस द्वारा मृत अवस्था में पाये गये युवक की पहचान करने के प्रयास के साथ साथ मौत के सही कारणों का पता लगाने की लिये जांच शुरू कर दी गई है।

### अनेक गांव भी वंचित है पक्की सड़क से

**साईंखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हुए उनका भला किया जा रहा है, मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि सांईखेड़ा क्षेत्र के अनेक गांव आज भी पक्की सड़कों से नही जुड पाये है? लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ने भले ही गॉव गॉव सड़को का जाल विछा दिया हो परन्तु विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले अनेक गॉव आज भी पक्क्ी सड़क की सुविधा से कोशो दूर दिखाइ्र पड़ रहे है, जिसके चलते लोगों को आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पक्क्ी सड़क न होने से वर्षा काल में आवागमन दूभर हो जाता है और इन गांवों के लोग आज भी अपने आप को आज से 15 वर्ष पूर्व की स्थिति के समान महसूस करते हुए देखे जा रहे है? यहां के लोगों का कहना है कि इन ग्रामों में शीघ्र ही पक्की सड़क की सुविधा जनप्रतिनिधियों द्वारा मुहैया करायी जाये जिससे लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिये शहर की ओर आवागमन सुगम हो सके। बताया जाता है कि इन ग्रामों के लोगों को आज भी अपनी आवश्यकता की बस्तुओं की खरीद फरोख्त के लिये साईंखेड़ा आना पड़ता है, मगर पक्की सड़क न होने से आवागमन में परेशाानी होती है साथ ही साथ इन गांवों में निवास करने वाले बच्चों का भी शिक्षा स्तर गिरता हुआ देखा जा रहा है।

### योजनाओं से पात्र बंचित तो अपात्र लाभ लेकर हो रहे मालामाल

**मनकवारा।** शासन की योजनाओं में मनमानी करना अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है, क्योंकि सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की सोच रखी हुई है, मगर उन योजनाओं का लाभ गरीबों को मिलने की जगह इस प्रकार के लोगों को उठाते हुए देखा जा रहा है जो पूर्ण रूप से साधन संपन्न है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चावरपाठा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े है। किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है जिनके पास अपने खेतों में नलकूप सहित ट्रेक्टरों से लेकर सभी प्रकार के साधन उपलब्ध है। इस प्रकार से गौर किया जावे तो गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र व प्रभावशाली लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है। जबकि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीब रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है।

### मात्र दो साल पहले बनी सड़क के हाल हैं बेहाल

# भौरझिर से घघरौला डामर सड़क पर आने लगे गड्ढे ही गड्ढे









**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।**


इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा गांव गांव पक्की सड़को कि निर्माण को लेकर हर वर्ष इस सोच के चलते करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है कि गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण होने से जहां ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा होगी तो दूसरी ओर ग्रामीण बेरोजगार युवा शहर से जुडने के कारण रोजगार स्थापित कर लेगे। मगर इस सोच को निश्चित तौर से सरकारी धन की होली खेलने वाले अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा किस तरह ग्रहण लगाया जाता है कि लाखों रूपया की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क जहां चंद दिनों की मेहमान साबित होने से नही चूक पाती है। वही दूसरी ओर गांवों में जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये सड़को का निर्माण कार्य किया जाता है उसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये पास किये जाने का परिणाम है कि सड़क निर्माण के नाम पर शासन की राशि की खुलेआम होली खेलते हुये दिखाई देने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम भौरझिर से ग्राम घघरौला पटना तक बनी हुई डामरीकृत सड़क को देखते हुये जान पड़ रह है? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य कुछ वर्ष पहले हुआ था। मगर अपने निर्माण के चंद दिनों के उपरांत सड़क टूट जाने की सच्चाई को बीते हुये दो वर्ष पहले हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद इस सड़क के मजबूती करण के नाम पर राशि स्वीकृत होने के बाद पुनः इस सड़क का निर्माण बीते हुये वर्ष हुआ है। खैर मौके पर लगा हुआ वोर्ड इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर कुछ और ही बता रहा है? मगर ग्रामीणों ने चर्चा करते हुये बताया है कि लगभग दो साल पहले ग्राम भौरझिर से घघरौला तक डमरीकृत सड़क का निर्माण किया गया है। इस तरह इस सड़क के निर्माण को अभी पूरा एक साल का समय ही बीत पाया है और जिस प्रकार से इस सड़क में जहां तहां गड्ढे निकलना शुरू हो गया था और अब सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नही आने से नही चूक रहे है जिसके चलते यह गड्ढे सड़क निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है? वही दूसरी ओर इस समय देखा जा रहा है कि मात्र अपना दूसरा जन्म दिन बनाने वाले इस सड़क पर निकल रहे गड्ढो की सच्चाई को छिपाने के लिये सड़क पर थेगरा लगाना जरूर शुरू कर दिया गया है। अब देखना है कि यह थिगराऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक साथ देने में सफल हो पाती है..? इस तरह सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये जिस तरह इस सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसका परिणाम है कि सड़क चंद दिनों में ही उखड़ना शुरू हो गया है। मगर इस हैरत की बात है कि इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी उनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये सरकार द्वारा जिस तरह ग्रामीणों को पक्की सड़को की सौगात प्रदान करने का जो सपना संजोया गया है उसे ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद माह उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की निष्ठावान अधिकारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब छोटे से लेकर बड़े अधिकारी इस तरह होने वाले गफलतबाजी की गंगा में सोंझाआई का गोता लगा रहे होगे तो फिर ईमानदारी से जांच की उम्मीद कैसी की जा सकती है? यह बात अलग है कि किसी भी सरकारी कार्य को पूरा निजी कंपनी द्वारा ठेके पर लेकर किया जाता है और निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की सोच रहती है कि जिस निर्माण कार्य का उसने ठेका लिया गया है उसमें उसे अधिक से अधिक लाभ होना चाहिये। मगर इस सब पर निगरानी रखने के लिये प्रशासनिक अधिकारी होते है उन्हीं की देखरेख में सरकारी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाते है। नियम के अनुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य को जब तक संबंधित विभाग का जिम्मेदार अधिकारी अपनी ओर से निर्माण संबंधी संतुष्टि प्रमाण पत्र नही देता है तब तक उस निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान नही होता है। मगर गफलतबाजी की गंगा में जब संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर गोता लगा रहे होते है तो फिर किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की उम्मीद करना कहा तक सफल हो सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम भौरझिर से घघरौला पटना के बीच लगभग एक साल पहले बनी हुई डामरीकृत सड़क की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा जिला कलेक्टर से निष्ठा के साथ जांच कराये जाने की मांग उठाई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण के चंद माह बाद टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की जांच होती है तो निश्चित तौर से अनेक जिम्मेदार अधिकारी बेनकाब होने से नही बच पायेगे।

## निर्वाचन ड्यूटी में तैनात शिक्षक को शराब के नशे में पाये जाने पर की गई निलंबन की कार्यवाही

**गाडरवारा।** निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान चुनाव संपन्न कराने के लिये भेजे जाने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को पहले से ही प्रशिक्षात करे हुये सभी प्रकार के जरूरी दिशा निर्देश दे दिये जाते है। मगर इसके बाद भी यदि किसी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा लापरवाही की जाते है तो कार्यवाही होने में देर नही लगती है। कुछ इसी प्रकार से बीत हुये शुक्रवार को चुनावी प्रक्रिया के दौरान लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही होने की खबर है। बताया जाता है कि समीपस्थ ग्राम तूमड़ा में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 8 के मतदान दल के मतदान अधिकारी क्रमांक एक प्राथमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा राजेन्द्र सिंह पटैल शराब के नशे में पाये जाने पर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने पटैल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल पाये जाने और मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम के प्रावधानों के अनुसार यह निलंबन आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि सहायक रिटर्निंग अधिकारी संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 121- गाडरवारा ने प्रतिवेदन देते हुए बताया कि निर्वाचन कार्य सम्पादन किये जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी/ मतदान अधिकारी रूप में लगाई गई थी। तहसीलदार व थाना प्रभारी सांईखेड़ा व सेक्टर अधिकारी के संयुक्त भ्रमण के दौरान ग्राम तूमड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक 8 में मतदान दल के मतदान अधिकारी क्रमांक एक प्राथमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा राजेन्द्र पटैल शराब के नशे में पाये गये। इस दौरान जब उनसे पूछताछ एवं बैग की तलाशी लेने पर एक शराब की बोतल पाई गई। वही सेक्टर तूमड़ा डॉ. संजय माझी, सहायक सेक्टर डॉ. श्रेया दुबे, पीठासीन अधिकारी मतदान केन्द्र क्रमांक 8 एवं माइक्रो आब्जर्वर के प्रतिवेदन व पंचनामा के आधार पर निलंबन के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। चुनाव डियूटी में लगे हुये पटैल का उक्त कृत्य निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

### क्षेत्र में अनेक जगहों पर चल रहे

## अटल ज्योति योजना की बिजली से प्रभावशालियों के नलकूपों अखिरकार किसका संरक्षण






**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जहां एक ओर इस समय बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों के बिजली बिल जरा भी बाकी होता है तो बिजली विभाग द्वारा बिल बसूली के नाम पर सिर्फ उनकी लाईन ही नही काटी जाती है बल्कि उनके घरों में रखी हुई सामग्री की कुर्की करते हुए समाज में अपमानित करते हुए भी नही चुकता तो दूसरी ओर जेल तक भेजने की कार्यवाही करने में देरी नही की जाती है? मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो कुछ प्रभावशाली लोगों को बिजली विभाग द्वारा ही संरक्षण देते हुए किस प्रकार से दूसरी योजना के तहत सप्लाई किये जाने बिजली का उपयोग कराया जा रहा है इस बात की सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में आसानी से देखने मिल सकती है? इस संबंध में बताया जाता है कि जहां बिजली विभाग द्वारा सरकार की अटल ज्योति योजना के तहत लोगों को गांवों में 24 घंटे बिजली प्रदान करने हेतु अलग लाईन खीची गई है तथा किसानों को अपनी खेती बाड़ी के उपयोग हेतु अलग अलग लाईन प्रदान की गई जिसके चलते जहां खेती बाड़ी के उपयोग हेतु बिजली विभाग द्वारा बिजली प्रदाय करने के लिए निर्धारित समय किया गया है। उसी समय पर बिजली प्रदान की जाती है तथा गांवों में बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को अधिक समय तक बिजली प्रदान की जाती है? मगर क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम अटल ज्योति योजना के तहत प्रदान की जाने वाली बिजली का धडल्ले से उपयोग किया जा रहा है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जा रहा है कि किसानों के खेतों पर लगी हुई बिजली डीपी शायद बिलों के आभाव में जल लाने के बाद बदली नही जा रही है, जिसके चलते कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा खुलेआम गांव में अटल ज्योति योजना की बिद्युत लाईन से अवैधानिक रूप से कनेक्शन लेते हुए उसका उपयोग किया जा रहा है? मगर हद तो तब हो जाती है जब इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना इस बात का उदाहरण स्पष्ट हो रहा है कि शायद बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से बिजली चोरी करने वालों को शह प्रदान की जा रही है? क्योंकि क्षेत्र के कुछ लोगों का कहना है कि जब इस प्रकार से अवैधानिक रूप से अटल ज्योति बिजली का उपयोग करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाता है तो वह सूचना देने वाले व्यक्ति के ऊपर ही अपना रौब झाडने से भी नही चुकते है। इस बात से तो यह स्पष्ट होता हुआ जान पड़ रहा है कि इस प्रकार से नियम विरूद्व किये जा रहे अटल ज्योति बिजली के दुरूपयोग के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही न होना बिजली विभाग द्वारा ही इस प्रकार से प्रभावशाली लोगों को बिजली का उपयोग किये जाने में अपना संरक्षण प्रदान किया जा रहा है? क्योंकि जिस प्रकार से धडल्ले इस 11 के व्ही लाईन से कन्टी बनाते हुए जोड़ी गई बिजली लाईन के संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों को जानकारी न हो यह तो संभव हो ही नही सकता है? जबकि बिजली विभाग के लाईन मेनों द्वारा आये दिन क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बिजली लाईनों की जांच की जाती रहती है, और इसके बाद भी इस प्रकार से दूसरी योजना की बिजली का उपयोग करना बिजली विभाग की मिली भगत की देने के आलवा और कुछ नही हो सकता है। जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि इस क्षेत्र के अन्य किसान खेती के लिए प्रदान की जाने वाली बिजली बंद होने के कारण जहां वह अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए बंचित हो रहे है? वही दूसरी ओर प्रभाव शाली लोग बिजली विभाग की मिली भगत के चलते जलबे मारते हुए नियम विरूद्व अटल ज्योति योजना की बिजली का दुरूपयोग करते हुए देखे जा रहे है? जिसके चलते बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी अनेक प्रकार के सबाल खड़े होते हुए देखे जा रहे है?

## सड़क किनारे खड़े होने वाले आटो बने स्कूली बच्चों को परेशानी का कारण, यातायात व्यवस्था में पहुंचा रहे व्यवधान

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेडा।**



इस समय दादा धूनी वालों की नगरी में जहां कानून व्यवस्था जिस प्रकार पटरी से उतरते हुए देखी जा रही है उसे देखते हुए आम लोग अपने आपको को पूर्ण रूप से असुरक्षित महसूस कर रहे है? क्योंकि नगर में लगातार बढ़ रहे जुआ सट्टे के अवैध कारोबार की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि पुलिस के द्वारा मात्र छोटे मोटे जुआरियों को पकड़ते हुए जहां बडे अधिकारियों की नजरों में वाही वाही लूटने का प्रयास करते हुए बडे जुआरियों व सटोरियों को अभयदान प्रदान करने की कार्यप्रणाली अपनाई जा रही है? वही यातायात व्यवस्था की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह भगवान भरोसे चलते हुए दिखाई पड़ रही है? बताया जाता है कि नगर के हाई स्कूल भवन की बाउंड्री के पास सबारियों के लिए खड़े होने वाले आटों के चलते जहां आम लोगों के लिए यातायात व्यवस्था चौपट होते हुए देखी जा रही है, वही दूसरी और यहां पर आटों खड़े रहने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं के लिए मुश्बित का कारण बन रहे है। जानकारी के अनुसार हाई स्कूल के पास जिस स्थल पर यह आटों मुख्य मार्ग के समीप खड़े होते है वहां से ग्राम बम्हौरी, बरहटा, रम्पुरा सहित अन्य गांवों का मार्ग है जहां पर दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहता है, वही स्कूली छात्र छात्राओं का भी आना जाना होता है, मगर जब यह आटों यहां पर खड़े हो जाते है तो स्कूली बच्चों के साथ साथ आम लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। इतना ही नही आटों के आस पास खड़े होने वाले मनचलों सहित कुछ आटों चालकों की अश्लील हरकतों का शिकार स्कूली छात्राओं को होने के लिए मजबूर होते हुए भी देखा जाता है? यह बात अलग है कि छात्राएं अपनी लोक लाज के चलते इस बात की शिकायत पुलिस से करने में तो डरती है? मगर खुलेआम इस सच्चाई को आये दिन लोगों द्वारा देखते हुए पुलिस की उदासीनता पर चर्चा करते हुए देखे जाते है? यदि यहां पर आटों खड़े होने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो दिन भर पुलिस की गस्त व्यवस्था के दौरान भी पुलिस कर्मचारियों द्वारा यहां की बिगड़ी हुई व्यवस्था को देखते हुए नजर अंदाज कर दिया जाता है कि जिसके चलते स्कूली छात्र छात्राओं के साथ इस मार्ग से निकलने वाले आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? आमजन का कहना है कि यदि समय रहते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से यहां पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी व मैजिक गाड़ी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराये से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरासर परिवहन नियमों की अवहेलना में आता है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व मे भी कमी आ रही है तो दूसरी ओर देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप, मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है।

## बैगर आधार के बनाई गई लाखों की लागत की सीमेन्ट सड़क बताने लगी गुणवत्ता की सच्चाई





**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।**

सरकार द्वारा ग्रामीणजनों को सुविधा पहुंचाने तथा शहरों से जोड़ने की सोच रखते हुये सड़को के निर्माण को लेकर हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर जब उन सड़को का निर्माण कार्य होता है तो अधिकारियों की मिली भगत के चलते उन सडको निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को इस तह नजर अंदाज कर दिया जाता है कि करोड़ो रूपया की लागत से बनी हुई यह सड़के अपना पहला जन्म दिन भी सही रूप से नही मना पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम बगलई से सिंहपुर छोटा होते हुये इकलोनी तक एक साल पहले बनाई जा रही सीमेन्ट सड़क में दिखाई दे रहा है? बताया जाता है कि ग्राम सिंहपुर छोटा के लोगों को सीधे ग्राम बगलई से जोड़ने व इकलोनी के लिये आने जाने के लिये सरकार द्वारा लाखों रूपया की राशि स्वीकृत की गई थी। इस तरह सरकारी राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क की गुणवत्ता को लेकर जहां ग्रामीणों द्वारा सबाल खड़े करते हुये बताया था कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण को लेकर उसके आधार याने की बेश को नजर अंदाज करते हुये वर्षो पुरानी हुई रोड़ के ऊपर से ही लेंटर डाला गया है। उस दौरान हरिभूमि द्वारा इस सच्चाई को प्रमुखता से उजागर किया गया था। मगर निर्माण कार्य के दौरान इस ओर अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है एक साल पहले बनी हुई यह सड़क अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताना शुरू हो चुकी है? वही अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह बगैर आधार यानि की पुराने बेंश पर बनाई जा रही इस सीमेन्ट सड़क का क्या लम्बे भविष्य की उम्मीद की जा सकती है? जबकि शासन के नियम के अनुसार जब किसी सड़क का निर्माण कार्य किया जाता है तो पुरानी जगह की खुदाई करते हुये उस पर नया बेश डालते हुये सड़क का निर्माण किया जाता है। मगर यहां पर बनाई गई सड़क निर्माण के दौरान ग्राम सिंहपुर के पास देखा जा रहा था कि वर्षो पुरानी सड़क के ऊपर से ही सीमेन्ट सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसके चलते सड़ की लम्बी उम्र की कामना करना बेमानी होने से नही चूक पायेगा? इस तरह मनमाने पूर्ण तरीके से चल रहे इस सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सबाल खड़े करते हुये ग्रामीणों द्वारा जांच की मांग उठाई जा रही थी। मगर अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान देना चित नही समझे जाने का परिणाम दिखाई देना शुरू हो चुका है? क्योंकि इस तरह पुरानी बोतल में नई शराब की तर्ज पर बनाई जाने वाली इस सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नही हो सकती है और सड़क निर्माण के नाम पर शासन की राशि का होली खेलने के समान साबित होगा।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दी जानकारी



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज सीएम राइज स्कूल अमरपुर में जिले में संचालित नीट की परीक्षा की तैयारी के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित निःशुल्क छम्म्ज क्लास के बारे में बताया। साथ ही नीट अभ्यर्थियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा का आयोजन 5 मई 2024 को किया जायगा। जिसमें डिंडोरी जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा में सफलता के लिए जिला प्रशासन छात्रों को नीट की तैयारी हेतु कोचिंग प्रदान कर रही है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफल होने के मूलमंत्र देते हुए कहा कि परीक्षा का तनाव मुक्त रहकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होंने सभी नीट अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।

### गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज अमरपुर के गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं के उपार्जन की स्थिति का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपार्जन के बाद उठाव, परिवहन, भण्डारण आदि व्यवस्थाओ की जानकारी प्राप्त की बदलते मौसम के अनुसार पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

### लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के लिए विभागों को नोटिस जारी

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने 100 दिनों से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के लिए जिम्मेवार विभागों को नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के तहत 100 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों के निवारण के लिए कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने जिला परियोजना अधिकारी, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीईओ जनपद बजाग, सीईओ जनपद समनापुर, तहसीलदार शहपुरा, अमरपुर, और समनापुर को नोटिस जारी कर 3 दिन के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है, साथ ही 100 दिन से अधिक लंबित मामलों पर समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया है।

### सभी जनपदों में आयोजित होगा रेवा हेल्थकैम्प

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने 27 अप्रैल दिन शनिवार को सभी जनपद पंचायतों में रेवा हेल्थकैम्प आयोजित किया जाएगा। रेवा हेल्थ कैम्प की नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी को नियुक्त किया गया है। उक्त रेवा हेल्थकैम्प विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, महिला बाल विकास, आयुष विभाग के संयुक्त दल के आपसी समन्वय से स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायें जाने के उद्देश्य से आयोजन किया जाएगा। उक्त रेवा हेल्थकैम्प जनपद पंचायत डिंडौरी के वार्ड नम्बर 6 खनूजा कालोनी में, जनपद पंचायत शहपुरा के वार्ड नम्बर 15 बनवासी मोहल्ला, जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम पंचायत अंधियारखोह, जनपद पंचायत बजाग के ग्राम पंचायत पिपरिया, जनपद पंचायत डिंडौरी के ग्राम पंचायत अझवार, जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम पंचायत झनकी, जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत चैबीसा, जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत फिटारी और जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम पंचायत बरखेडा में आयोजित किया जाएगा।

### अधिकारियों की बैठक

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने वाटरशेड प्रबंधन के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन कर पूर्वस्वीकृत कार्यों का आकलन किया और अपने क्षेत्र के कार्यों की सूची बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने आजीविका भवन अमरपुर में दीदीयों की बैठक ली



कलेक्टर विकास मिश्रा ने आजीविका भवन अमरपुर में स्व-सहायता समूह की दीदीयों की बैठक ली। उन्होंने स्व-रोजगार पर केंद्रित कार्यों को करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**डिंडौरी।**

स्व-रोजगार के लिए पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि एवं कृषि संगत व्यवसायों को बढावा देने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि ग्राम से हो रहा पलायन रोकने के लिए हमें सयुंक्त रूप से रोजगारान्मुख कार्यों को करना होगा। पशुपालन, पुराने तालाबों में मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां क्षेत्र में आसानी से की जा सकती हैं। जिनके उत्पाद के लिए व्यवस्थित रूप से मार्केटिंग कर पलायन की समस्या को रोका जा सकता है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्व-सहायता समूह की दीदीयों को आत्मनिर्भर होने का मूलमंत्र दिया।

### कलेक्टर ने अमरपुर में तेल प्रसंस्करण ईकाई का निरीक्षण किया


कलेक्टर विकास मिश्रा ने अमरपुर में आजीविका के तहत तेल प्रसंस्करण ईकाई का निरीक्षण किया। उक्त ईकाई में अलसी, राई, धान-तिल के द्वारा तेल का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा ने ईकाई में संचालित कार्यां का जायजा लिया और अधिकारियों से प्रसंस्कृत तेल के आपूर्ति प्रबंधन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमें हमारे उत्पादों को उचित रूप से मांग अनुसार आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन के माध्यम से बाजार पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए निम्न स्तर से उच्च स्तर तक उचित प्रबंधन करना होगा, इस कार्य के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा ने आवश्यक निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने किया निरीक्षण पेयजल व्यवस्था एवं आवश्यकताओं के संबंध में दिए निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जनपद अमरपुर के ग्राम सलैया, बरबसपुर और भैंसवाही में अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ विकास खण्ड करंजिया के विभिन्न ग्रामों में पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति, पेयजल स्त्रोत एवं अन्य शासकीय कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों से उक्त ग्रामों में पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया गया की जो कार्य पूर्ण है जिन्हे चालू कर ट्रायल पूर्ण हो जाने के बाद ग्राम पंचायत को सौंप दें। प्रगतिरत कार्यां को त्वरित गति से पूर्ण करें और जो ठेकेदार कार्य मे अतिविलम्ब कर रहा है उस पर पेनाल्टी लगाएं। साथ ही कार्य समय सीमा पूर्ण नहीं करने पर अनुबंध शर्तो के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर मिश्रा ने उक्त ग्रामों में पेयजल स्त्रोतों का स्थिति का अवलोकन किया और ग्रामों में स्थापित किये नलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित ट्यूबबेल, वॉटर टैंक का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्य करें।



## ब्लॉक अधिकारियों और पेसा मोबिलाइजर्स की बैठक संपन्न



**डिंडौरी।**

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रट सभाकक्ष में पेसा मोबिलाइजर और ब्लॉक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने पेसा मोबिलाइजरों को प्रचलित कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए प्राथमिकता निर्धारित कर कार्यों को करना है। जिनमें पेसा के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि प्रमुख कार्य हो। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी को निर्देशित करते हुए अधिकारियों से कहा कि स्कूलों की स्थिति का आकलन करें और ब्लॉक स्तर पर पुस्तकालय के लिए कार्य करें, बच्चों को किताबों के प्रति आकर्षित करने का कार्य जमीनी स्तर पर करें। पेसा के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में निर्देशित किया कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य के लिए नीतिगत कार्य करें, कुपोषण को दूर करने के लिए गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कार्य करें और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। कलेक्टर मिश्रा ने निर्देश दिए कि रोजगार के लिए कृषि क्षेत्र में अवसर बनाते हुए सही मूल्य पर फसल बिक्री की स्थिति का आकलन करते रहें। ब्लॉक मुख्यालय पर कैरियर काउंसलिंग केंद्र बनाकर बच्चों की अभिक्षमता को समझें और उसी अनुसार उनका मार्गदर्शन कर भविष्य की नीति बनाये। पंचायत स्तर पर खेल मैदान के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि गांव के लोगों की प्राथमिकता को समझें। जमीनी स्तर पर लोगों की आवश्यकताओं और पेयजल की स्थिति में सुधार करें कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि पेसा के तहत दी गई जिम्मेदारी को समझते हुए कार्ययोजना पर कार्य करें और ऐसे प्रयास किये जाएं, जिससे पलायन रुक सके। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में संचालित अवैधानिक ग्राहक केंद्रों के लिए निर्देश देते हुए कहा कि बैंकों के ग्राहक सेवा केंद्र पंजीकृत करने बाद मान्य ही होते हैं, इसलिए ऐसे अवैधानिक केंद्रों की सूचना दें, जिससे उन पर कार्यवाही हो सके।

## अमरपुर में आयुष, खाद्य, पीएचई और पंचायत समेत अन्य विभागों की बैठक



**डिंडौरी।**

कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत अमरपुर में आयुष विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई और पंचायत एवं अन्य विभागों की बैठक ली। उन्होंने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुनश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं के निपटान के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए कहा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने खाद्य विभाग द्वारा किये जाने वाले खाद्य वितरण को उचित रूप से करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में राजस्व के प्रचलित कार्यों पर चर्चा करते हुए लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। विकासखंड अधिकारियों के साथ बैठक लेकर जनपद स्तर पर प्रचलित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने सभी लंबित कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### पंचायत अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

कलेक्टर मिश्रा ने पंचायत सचिव नरेगा, पेसा मोबलाइजर की बैठक आयोजित की और प्रचलित कार्यां को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पेसा मोबलाइजर को पेसा के नियमानुसार कार्य करने के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

## प्रतिष्ठित मूर्तियों की बेकदरी वन विभाग की कार्यवाही या व्यक्तिगत गुण्डागर्दी

# शीघ्र बनेगा इको फ्रेंडली मन्दिर और पुनर्स्थापित होंगी मूर्तियाँ





**अमरकंटक।**

नर्मदा मैया की उद्गम नगरी अमरकंटक में वन विभाग की संदिग्ध कार्यवाही ने यहां के शांत माहौल मे दुस्साहसिक बखेडा खड़ा कर दिया है। वन विभाग के कुछ अधिकारियों कर्मचारियों पर द्वेषात्मक कार्यवाही करने का गंभीर आरोप है। यद्यपि घटना की जानकारी मिलते ही मामले की संगीनता को भांपते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित कदम उठाए हैं। आरोप है कि अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही के नाम पर विद्वेषात्मक और लापरवाह कार्यवाही की गयी है। जिसकी सार्वत्रिक निंदा हो रही है। वन विभाग ने जिस तरह से मामले से पल्ला झाड़ लिया है तो लोगों के मन में अब सवाल उठ रहे हैं कि ये कार्यवाही वन विभाग ने नहीं की है तो कहीं यह व्यक्तिगत गुण्डागर्दी का शिकार तो नहीं हो गया। अमरकंटक में माई की बगिया के समीप रुद्र गंगा आश्रम में तथाकथित रुप से वन विभाग द्वारा अतिक्रमण के नाम पर जमकर तोड़ फोड़ की गयी। मन्दिर आश्रम की मूर्तियाँ क्षतिग्रस्त की गयीं। आरोप लगाए गये हैं कि प्राण प्रतिष्ठित मूर्तियों के साथ बेकद्री करते हुए उन्हे भी तोड़ दिया गया। तस्वीरों, वीडियो मे भी मूर्तियाँ क्षतिग्रस्त दिख रही हैं। आश्रम के सभी कच्चे, अर्ध पक्के निर्माण, टीन की चादरों तक को जिस तरीके से तोड़ फोड की गयी है, वह इस कार्य में लगे लोगों के व्यक्तिगत गुस्से और कुंठा को प्रदर्शित कर रहा है। बड़ी क्रूरता और लापरवाही से अतिक्रमण विरोध के नाम पर खुन्नस निकाली गयी। आरोप वन विभाग पर और उसके रेंजर पर है जबकि वन विभाग के उच्चाधिकारी इससे पल्ला झाड़ रहे हैं। घटना प्रकाश में आते ही अमरकंटक के साधू संतों में नाराजगी फैल गयी।

### कलेक्टर ने दिये जांच के आदेश

अनूपपुर जिला विकास मंच और फिर नाराज संत प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर आशीष वशिष्ठ को घटना की जानकारी देते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। मूर्तियों की बेकद्री, तोडफोड मामले की विधिवत सूक्ष्म जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की गयी। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और जांच के लिये एसडीएम पुष्पराजगढ तथा वन विभाग के अधिकारियों की दो अलग - अलग टीम गठित कर अमरकंटक भेजा गया।

### अधिकारियों की दो टीम मौके पर

शिकायत प्राप्त होने के अगले ही दिन शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देश पर डीएफओ अनूपपुर, एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार पुष्पराजगढ, नगर निरीक्षक अमरकंटक सहित अधिकारियों की दो टीमों ने घटना स्थल का अवलोकन कर साधु संतों के साथ एक बैठक की है। बैठक में यहाँ के प्रमुख आश्रमों के संत, नर्मदा मन्दिर के प्रमुख पुजारी गण, रुद्र गंगा आश्रम के लोग तथा अधिकारियों के साथ अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में अमरकंटक के साधु संतों ने अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही के नाम पर डेढ सौ साल पुराने आश्रम को तोड़ने, मूर्तियों के साथ अपमानजनक व्यवहार और उन्हे क्षतिग्रस्त करने को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए जिला दंडाधिकारी/कलेक्टर अनूपपुर के नाम पर एक शिकायत ज्ञापन अधिकारियों को दिया गया।

### दण्डात्मक कार्यवाही की मांग

पत्र के माध्यम से मांग की गयी है कि उक्त घृणित कार्य करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। रुद्र गंगा आश्रम को पुनः स्थापित किया जाए। मन्दिर परिसर में तोड़ फोड़ के दौरान मूर्तियाँ, आभूषण, सामग्रियां वापस की जाएं। मन्दिर परिसर की बाऊण्ड्रीवाल, परिक्रमा वासियों के लिये आश्रय स्थल, शौचालय का निर्माण किया जाए। मन्दिर पुनर्निर्माण के बाद माता जी की प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठा की जाए। मन्दिर परिसर पहुंच मार्ग, विद्युत, जल व्यवस्था की जाए। भृगु कमंडल में भी जो कार्यवाही की गयी है उसे भी संज्ञान में लेकर कार्यवाही हो तथा मन्दिर परिसर निर्माण की तिथि सुनिश्चित की जाए। स्थानीय साधू संतों ,विश्व हिन्दू परिषद, अन्य हिन्दू वादी संगठनों ने भविष्य में ऐसे किसी आपत्ति जनक कार्यवाही की पुनरावृत्ति को रोकने की मांग की गयी है। मामले का महत्वपूर्ण पक्ष यह जरुर था कि कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने सक्षम सुनवाई करके, अधिकारियों की दो अलग अलग जांच टीम गठित करके त्वरित संवेदनशील कार्यवाही करके लोगों के गुस्से को शांत करने का कार्य किया है।

### इको फ्रेण्डली मन्दिर का निर्माण

जानकारी मिली है कि वहां इको फ्रेण्डली मन्दिर का निर्माण करवा कर पूरे विधिविधान के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाने की तैयारी की गयी है। पक्के कंक्रीट के किसी भी स्ट्रक्चर के निर्माण से परहेज किया जाएगा। इसके साथ भी सभी सामान, गहने आदि वापस किये जाएगे और जांच में दोषी व्यक्ति व्यक्तियों के विरुद्ध नियमतः कार्यवाही की जाएगी।

### अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

कहा जा रहा है कि मामला मुख्यमंत्री की निगरानी में होने के कारण जांच और कार्यवाही लापरवाही होने पर डीएफओ सहित पुलिस, वन और राजस्व के कुछ अधिकारियों पर शीघ्र गाज गिर सकती है, वहीं दूसरी ओर अमरकंटक के वन क्षेत्र में बढते अतिक्रमण ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

## प्रवीण्य सूची में दर्ज विद्यार्थियों को आनंदम दीदी कैफे में किया जाएगा सम्मानित

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के द्वारा आनंदम्-दीदी कैफे डिंडौरी में 27 अप्रैल दिन शनिवार को शाम 5 बजे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में राज्य एवं जिला स्तर पर प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। 12वीं की प्रवीण्य सूची के अनुसार नंदनी मलगाम, अमोल राय, अक्षत शर्मा, दुर्गावती अग्रवाल, ओम गुप्ता, श्रेया कछवाहा, अजय कुमार ठाकुर, गरिमा कोहली, अंशिता चैरसिया और पूर्णिमा झरिया को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 10वीं की प्रवीण्य सूची के आधार पर काकुल साहू, ध्रुव कुमार साहू, समीक्षा साहू, सरस्वती पाराशर सहित अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। विद्याथियों को अभिभावकों के साथ उक्त सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है।

### अमर ज्योति विद्यालय के 35 में से 35 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**अमरपुर।** विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में जनपद पंचायत अमरपुर में संचालित अमर ज्योति विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में दर्ज सभी 35 छात्र, छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। जिसमें विद्यालय की छात्र शिवमभान पिता रतिभान कुशराम ने 469 अंक प्राप्त कर 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम स्थान, जयश्री चैकसे पिता राजेंद्र चैकसे एवं तनिया पंद्राम पिता सामसोन पंद्राम ने 464 अंक प्राप्त कर 92.8 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किए एवं सरगम जंघेला पिता पारसमणी जंघेला ने 461 अंक प्राप्त कर 92.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन सभी छात्रों को विद्यालय के संचालक, प्राचार्य एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ द्वारा उज्जवल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## मार्ग में लगाई गई रस्सी में फंसकर पति की मौत

## घायल पत्नी का उपचार जारी

**अनूपपुर।** 27 अप्रैल कातवाला थाना अनूपपुर अतगत भगतबाध गांव में शुक्रवार की सुबह एक 55 वर्षीय वृद्ध अपनी पत्नी को लेकर मोटरसाइकिल से अनूपपुर आ रहा था तभी भगतबांध गांव में एक परिवार द्वारा भागवत कथा का आयोजन के दौरान बर्री से भगतबांध मुख्य मार्ग पर गोबर से लीपने बाद गोबर सूखने के उद्देश्य से रस्सी बांध रखी थी जिससे टकराने से पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 55 वर्षीय वृद्ध की जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही मृत्यु हो गई जबकि उसकी पत्नी का घायल अवस्था में अस्पताल लाकर परियों ने उपचार कराया। मृतक का एक मात्र पुत्र भोपाल में एक कार्यालय में पदस्थ होने के कारण परिजनों के निवेदन पर उसके आने तक के लिए मृतक के शव को जिला चिकित्सालय में ही रखे जाने की बात पर जिला अस्पताल पुलिस शनिवार की सुबह पुत्र के आने के बाद ड्यूटी डॉक्टर से मृतक के शव का पंचनामा एवं पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु सौपा।

## खबर संक्षेप

### मेरिट सूची में प्रिंस ने दर्ज किया अपना नाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लारेल्स हाई स्कूल में अध्यनरत छात्र प्रिंस पटेल ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 83% अंक प्राप्त कर अपना नाम मेरिट लिस्ट में दर्ज किया उनकी अथक मेहनत का यह परिणाम है प्रिंस पटेल पिता गोपाल पटेल तथा माता नीतू पटेल के पुत्र हैं ,और वह इस सफलता का श्रेय स्कूल संचालक कुरियन स्कारिया, रोसम्मा कुरियन तथा अपने माता-पिता के साथ भाई हर्ष पटेल को दिया तथा उनके सभी शुभचिंतकों के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### अज्ञात व्यक्ति का मिला शव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत बस स्टैंड के पास नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, मृत व्यक्ति कौन है और कहां का है अभी कुछ जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। करेली थाना प्रभारी सुभाष बघेल ने बताया कि अज्ञात मृत व्यक्ति का शव मिलने के बाद मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी गई है, रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा, मृत व्यक्ति की शिनाख्त जारी है।

### प्राची ने विद्यालय का नाम रोशन किया



**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला करेली छात्रा प्राची कुशवाहा ने कक्षा 10वी में 84.4% अंक प्राप्त कर विधालय एवं परिवार नाम रोशन किया इमलिया निवासी कमलेश कुशवाहा अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा जिला मंत्री की बिटिया एवं दुर्गेश कुशवाहा की भतीजी हे ' इनके शुभ चिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की

### एक मई से भरे जायेंगे सप्लीमेंट्री फार्म

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशानिर्देश की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी ने बताया कि सत्र 2023- 24 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन- पत्र एक मई से भरे जाएगें। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पूरक परीक्षा के आवेदन, परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व 7 जून 2024 तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन-पत्र केवल ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### ग्रांइडर पैर कटा , उपचार जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** घर के पास लगे पेड़ को ग्राइंण्डर से पेड़ काटते समय ग्रांइण्डर हाथों से फिसल गया और पह सीधे उसके पैर पर जा लगा। जिसके चलते युवक के पैर में गंभीर चोट आई है। परिजनों ने जैसे ही युवक की चीख सुनी तो वे तत्काल ही वहां पहुंचे तो देखा कि, युवक के पैर से काफी मात्रा में खून बह रहा है। जिसके बाद परिजन युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज किया जा रहा है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कोसा निवासी आनंद पटेल अपने घर के आंगन में लगा पेड़ ग्राइंडर से काट रहा था, तभी ग्राइंडर उसके हाथ से फिसला और सीधे उसका ब्लेड उसके पैर को चीरता हुआ निकल गया।

## पुलिस को एक युवक का शव बरामद दूसरे की पड़ताल जारी

# नहर में नहाने गये दो बराती डूबे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव अंतर्गत बारात मे आये दो युवक नहर मे नहाने के लिये गये हुये थे जहां पर नहाते समय डूब गये । घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने तलाश शुरू की जिसमें एक युवक का शव प्राप्त हुआ वही दूसरे की तलाश जारी है । बताया जा रहा है कि दो युवक जबलपुर निवासी है जो बरात मे आये हुये थे पुलिस को मो. समीर पिता जलालुद्धीन खान उम्र 25 वर्ष निवासी निवासी बड़ा मदार छल्ला हनुमानताल जबलपुर का शव प्राप्त कर मर्ग पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है ।



### मामला इस प्रकार

गोटेगांव अंतर्गत ग्राम लाठगांव के पास स्थित नहर मे नहाते समय दो युवक के डूब जाने पर एक की मौत दूसरा युवक लापता है,झौंतेश्वर चौकी प्रभारी रितु उपाध्याय ने बताया कि मो. इस्माइल अंसारी पिता युनेश अंसारी 21 बर्षीय बड़ा मदार छल्ला हनुमान ताल जबलपुर निवासी ने चौकी में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 अप्रैल को मैं अपने दोस्त साबिर खान लाठगांव निवासी की शादी में आया था वहां पर मेरा जीजा समीर खान भी शादी समारोह में आया हुआ था, दोपहर लगभग 3 बजे के करीब मेरे जीजा समीर खान और मेरा दोस्त अकील खान लाठगांव के पास स्थित नहर में नहाने के लिए गए हुए थे मैं और मेरा दोस्त नहर की सीढ़ी पर ऊपर बैठ गए समीर और अकील खान नहर में नीचे सीढ़ी पर बैठकर नहा रहे थे ।

### पैर फिसलने से हुआ हादसा

उक्त संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दोनो युवक नहाने के लिये गये हुये थे तभी अचानक समीर खान का पैर फिसल जाने की वजह से वह नहर के पानी में गिरकर पानी के तेज बहाव में बहकर आगे जाकर डूब गया समीर खान को डूबते देख मैंने जोर-जोर से गांव को लोगों को आवाज लगाकर बुलाया गांव वालों ने नहर में कूदकर काफी खोजबीन के बाद समीर को नहर के पानी से बाहर निकाला तब तक शायद पानी में डूबने की वजह से समीर खान की मौत हो चुकी थी जानकारी प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी रितु उपाध्याय ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के उपरांत मर्ग कायम शव को शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव पहुंचा कर मामले की सूक्ष्मता से जांच प्रारंभकर दूसरे युवक अकील खान की तलाश नहर के पानी में कराई जा रही थी,परंतु समाचार लिखे जाने तक नहर में डूबे हुए अकील खान के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी ।

## डीईओ ने लिखा पत्र, निजी स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी हो दर्ज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं परीक्षा परिणाम में जिला नंबर वन पर रहा वहीं एक निजी स्कूल ने छात्र-छात्राओं को रेगुलर शिक्षा देकर परीक्षा परिणाम में प्राइवेट घोषित कर दिया, जिसके बाद स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने स्कूल की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की है। जिला मुख्यालय के एक ऐसे निजी शिक्षण संस्थान सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में रेगुलर पड़ रहे छात्रों के एडमिशन रेगुलर में होते रहे और एडमिट कार्ड भी रेगुलर शिक्षण का आया लेकिन 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम की अंक सूची नेट पर रेगुलर की जगह प्राइवेट दिख रही हैं। प्राइवेट का टैग देखकर अभिभावक, छात्रों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूल के विरुद्ध एफआईआर करने की मांग की है। शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 गौरव विश्वकर्मा को लेटर टाइप न करने के लिए बोला और लगभग दो घंटे तक लेटर टाइप न होने पर अभिवावकों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकतार्ओं ने फिर हंगामा कर दिया वही झुंझलाए हुए कंप्यूटर ऑपरेटर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के साथ अभद्रता कर दी जिसको लेकर मीडिया ने मामले में दखलंदाजी की और मीडिया के सामने आते ही जिला शिक्षा अधिकारी ने तुरंत आदेश का पालन न कर रहे और अभद्रता कर रहे सहायक ग्रेड 2 गौरव विश्वकर्मा को विभाग से कार्यमुक्त का लेटर थमा दिया और विभाग से बाहर का रास्ता दिखाया, वही सेंटमेरिज कांवेंट स्कूल के खिलाफ नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक के नाम लेटर भेजा जिसमे संस्थान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की बात स्पष्ट रूप से कही गई।



## घर से लापता युवती की लाश नर्मदा में तैरती हुई मिली

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विगत दिवस थाना क्षेत्र गोटेंगांव अंतर्गत नर्मदा तट बेलखेड़ी झलौन के किनारे युवती का शव मिला। शव मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई तभी क्षेत्रवासियों ने घटना की जानकारी गोटेगांव थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने बेलखेड़ी घाट पहुंचकर मृत अवस्था में मिली युवती की लाश की शिनाख्त करते हुए छानबीन में जुट गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती की पता साजी की तो पाया गया, कि युवती की गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज है। पुलिस को युवती जीवित तो नहीं मिली, लेकिन उसका शव मिलने से मामले में एक नया मोड़ आ गया। वही पुलिस ने शव की पंचनामा कार्रवाई करने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है, कि यह हत्या है, या फिर आत्महत्या, बहरहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। पीड़ति युवती के परिजन ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत की थी, जिसमें उल्लेख किया गया था कि भारत सिंह चौधरी निवासी करेली कला गोटेगांव का निवासी हूं 24 अप्रैल को 2 बजे घर से उनकी बेटी निकली थी, लोगों द्वारा युवती को राकेश चौधरी, राजेश चौधरी निवासी छिदौरी हार वाले के साथ नर्मदा सुनाचार घाट पर गांव वालों ने देखा था। लोगों ने परिजनों को बताया, कि सफेद रंग की वेन से युवती, राकेश चौधरी और राजेश के साथ थी। गांव वालों ने दौड़कर रास्ता रोकना चाहा, तो युवती के साथ राजेश भाग गया। लेकन राकेश को पकड़ लिया गया था, जिसके बाद राकेश चौधरी को पुलिस थाने लेकर आई एवं प्रियंका एवं राजेश की तलाश शुरू की गई, लेकिन वे नहीं मिले। रात्रि में ही पुलिस ने राकेश चौधरी को छोड़ दिया था, जबकि पुलिस ने रिपोर्ट में लिखा, कि दोनों लड़कों को रोका गया और लड़की को बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जो पूर्णत असत्य है। वही युवती के परिजनों ने आरोप लगाया, कि दोनो युवकों ने ही हत्या कर उनकी बेटी का शव फेंक दिया है। युवती के घर से गायब रहने के बाद उनके परिजनों ने किशोर युक्ति की पताशाजी करने शिकायत की थी। लेकिन लड़की तो नहीं मिली और अगले दिन उस युवती का शव नर्मदा घाट पर तैरता हुआ मिला। वही साथ लेकर भाग रहे दोनों युवक पर भी हत्या का संदेह जताया जा रहा हैं वहीं पीड़ति पक्ष का कहना है, कि प्रियंका के साथ भागे हुए युवकों ने ही दरिंदगी की ओर उसे मौत की घाट उतारकर नर्मदा घाट में फेंक दिया है। फिलहाल पुलिस अब पूरे मामले की गंभीरता से छानबीन कर जांच में जुटी हुई है।





## ऑनलाइन डैशबोर्ड के नवाचार का सफल परीक्षण

### जिला प्रोग्रामर एवं टीम की सराहना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 14 मण्डला के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा गोटेगाँव में शुक्रवार 19 अप्रैल को और संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा में मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले को जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों की गतिविधियों की जानकारी जिला कम्युनिकेशन अधिकारी डॉ. आरपी चतुवेर्दी, जिला शिक्षा केन्द्र के प्रोग्रामर शरद यादव ने किये गये नवाचर ऑनलाइन लाइव डैशबोर्ड के माध्यम से दी गई। जिला प्रोग्रामर श्री यादव ने डैशबोर्ड के माध्यम से उपलब्ध जानकारियों के संबंध में बिंदुओं का संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व मतदान दल रवाना होने एवं मतदान केंद्र पर सकुशल पहुंचने, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदान दिवस को प्रातः 6 बजे से मॉक पोल प्रारंभ होने, मतदान प्रारंभ होने, मतदान के दौरान व्यवधान होने, प्रत्येक दो घण्टे में मतदान की लाइव रिपोर्ट आदि के बारे में बताया। विकासखंड स्तर पर बने कम्युनिकेशन केंद्र के एमआईएस कोआर्डिनेटर टीम द्वारा सेक्टर आफिसर, मतदान केंद्रों से पीठासीन अधिकारी से प्राप्त जानकारी को त्वरित आनलाइन डैशबोर्ड पर लाइव संकलित होने से डाटा संग्रहण प्रक्रिया में बिना त्रुटि के जानकारी को सरलता से आनलाइन देखा जा सकता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पटले ने जिला प्रोग्रामर एवं टीम द्वारा किए गए नवाचार और चारों विधानसभाओं की ऑनलाइन लाइव प्रविष्टि के संकलन का जायजा लिया। उन्होंने नवाचार को सफल बताते हुए सराहना की।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 30 बकरियों की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** बीती रात शर्ट सर्किट से घर मे आग लग गई और 30 जिंदा बकरी जल गई । करेली थाना क्षेत्र के छीतापार गांव में एक मजदूर के घर में शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण 30 बकरियां जिंदा जल गईं। करेली थाना प्रभारी ने पशु चिकित्सालय करेली के चिकित्सक को शव परीक्षण करने के लिए पत्र लिखा है। करेली थाना क्षेत्र के छीतापार गांव निवासी मजदूर रामसेवक रजक 50 वर्ष ने करेली थाना प्रभारी को आवेदन देते हुए बताया की शुक्रवार और शनिवार की रात डेढ़ बजे की मैं घर में अंदर सो रहा था। घर के पीछे कमरे 35 बकरी बंधी हुई थी। कमरे में लगे बल्ब में अचानक शार्ट सर्किट हुआ से कमरे में आग लग गयी। जिससे 30 बकरी जलकर मर गईं और 5 बकरी जिंदा बची है जो आग में झुलस गयी है। बकरीयों के साथ एक मवेशी 15 माह और एक साल की बछड़ी भी झुलस गयी है। कच्चे मकान में लगी लकडी एवं पन्नी सब कुछ पूर्ण रुप से जल गया। रामसेवक ने बताया की आग को गाँव के रामगोपाल, सूरज, गोविंद आदि ने बुझाई मौके पर करेली नगर पालिका से फायर ब्रिगेड भी पहुंच गयी थी जिसने भी आग बुझाई है। घटना में मृत हुईं 30 बकरियों के पीएम कराने की मांग मजदूर ने करेली थाना प्रभारी से की थी जिसपर करेली थाना प्रभारी ने करेली के पशु चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सक को उन 30 मृत बकरियों के शव परीक्षण करने के लिए पत्र लिखा है। मामले की पुष्टि करते हुए करेली थाना प्रभारी सुभाष बघेल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया है वहीं पीड़ति ने मृत बकरियों के पीएम की मांग की थी इसके बाद हमारी ओर से पशु चिकित्सक को पत्र लिखकर पीएम करने को कहा गया है।



## कम और अधिक मतदान को लेकर अपने स्तर से लगाये जा रहे कयास



### राजनैतिक पंडित अपने स्तर से कर रहे जीत हार के दावे

तेंदूखेड़ा- होशंगावाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रं 17 का मतदान संपन्न हो जाने तथा होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र मे 67 प्रतिशत मतदान के साथ संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं मे मतदान के प्रतिशत को घटने स्थिति के कये मायने लिये जा रहे है। राजनैतिक पंडित अपने अपने स्तर से जीत हार के दावे करने लगे है। होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र अपने आप मे काफी महत्वपूर्ण सीट मानी जाती है। यहां पर 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान मे थे। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस मे रहा। संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 8 विधानसभाओं मे होशंगाबाद जिले की पिपरिया और नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा विधानसभा मे सर्वाधिक मतदान हुआ है। आठों विधानसभा क्षेत्र के मतदान का कुल प्रतिशत 67.16 रहा है। 26 अप्रैल को संपन्न हुये इस मतदान को लेकर प्रतिशत के घटने को लेकर जो विषय सामने आया है उसमें शादी विवाहों की अधिकता तथा तेज गर्मी मुख्य कारण माना जा रहा है। लेकिन राजनैतिक पंडित अपने अपने स्तर से अपने अंदाज मे ले रहें है। चूंकि आने वाली 4 जून को परिणाम आयेंगे लगभग 1 महीने से भी अधिक समय मे परिणाम जानने की बेसब्री का राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं मे इंतजार होगा। जीत हार के दावों के बीच इतना लंबा समय गुजार पाना प्रत्याशियों की भी एक और अग्नि परीक्षा जैसी ही होगी।

**जीवन साथी चुनने के पहले मतदान में लिया भाग**

तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मदनपुर मतदान केंद्र पर सौरभ पिता भूरे यादव ने बारात विचुआ नरवारा जाने के पूर्व तैयार होकर मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया।

### कलेक्टर द्वारा शांतिपूर्ण मतदान के लिए आभार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा में 26 अप्रैल को मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। निर्वाचन जैसा बड़ा कार्य व्यवस्थित तैयारी, लगन और मेहनत से आसानी से पूर्ण हुआ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने में सहयोग के लिए जिले के सभी मतदाताओं, अभ्यर्थियों व अभिकतार्ओं, राजनैतिक दलों, निर्वाचन प्रक्रिया में संलग्न अधिकारी- कर्मचारियों, पुलिस बल, मीडिया प्रतिनिधियों समेत संबंधित सभी जनों के प्रति जिला प्रशासन की ओर से आभार प्रकट किया है।लोकतंत्र के इस महापर्व में संलग्न सभी को एक बार पुनः शुभकामनाएँ।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया आभार व्यक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विगत दिवस संपन्न हुए लोकसभा चुनाव मे जिले की जनता ने जिस तरह से लोकतंत्र के महापर्व मे बढ - चढ़कर हिस्सा लिया व मतदान कर आने वाली सरकार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की इसके लिए भाजपा जिला अध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा ने जिले के सभी मतदाता भाईयों बहनों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है साथ ही जिले के सभी भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान देवतुल्य कार्यकतार्ओं का आभार व्यक्त किया है जिन्होंने दिन रात अथक परिश्रम कर पार्टी के पक्ष में मतदान कराया साथ ही उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने हेतु जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन सहित चुनाव कार्यों में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया जिनके बलबूते जिले में लोसभा चुनाव का कार्य अच्छे तरीके से संपन्न हुआ। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।

### कांग्रेस प्रत्याशी श्री शर्मा ने जताया आभार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कांग्रेस कार्यकतार्ओं की कड़ी मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव में हमारी जीत होगी। निश्चित तौर पर जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के कार्यकतार्ओं,पदाधिकारियों और मुझे सभी वर्ग का प्यार स्नेह और समर्थन मिला। उक्त बात प्रेस विज्ञप्ति में करते हुए कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी संजय शर्मा ने मतदाताओं, कार्यकतार्ओं और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा है कि मतदाता बदलाव के पक्ष में हैं यही कारण है कि हर जाति धर्म के लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। श्री शर्मा एवं श्री राजपूत ने जीत का दावा करते हुए सभी के प्रति सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है और सभी का प्रेम और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा।